# 2017

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three Hours and *Fifteen Minutes**
***(*15 minutes are given as extra time for reading questions)***

**साधारण निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं : क, ख, ग, घ।
2. प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक हर प्रश्न के सामने दिए गए हैं।
4. उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

## खण्ड-क
## ( वाचन – 10 अंक )

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **1** से **3** तक के उत्तर लगभग **20-20** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **4** से **7** तक के उत्तर **एक-एक शब्द** अथवा **शब्द समूह** में लिखिए।

1. टिप्पण किसे कहते हैं? 2

2. टिप्पण-लेखन के लिए किन बातों का ज्ञान होना आवश्यक है? 2

3. टिप्पण के कुछ प्रमुख प्रकारों के नाम लिखिए। 2

4. 'Directorate' को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

5. 'Correspondence' को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

6. 'Viva-Voce' को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

7. 'Gazetted Officer' को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

## खण्ड-ख

## ( लेखन – 15 अंक )

8. मान लीजिए कि आप 'इम्फाल सिटी स्कूल' के प्रधानाचार्य हैं। आपके स्कूल में मनाए जा रहे एक समारोह में आपको 'पुस्तकालय का महत्व' *अथवा* 'समय का सदुपयोग' विषय पर भाषण देना है। इसलिए आप इस समारोह के लिए लगभग *80* शब्दों में एक भाषण लिखिए। 7

9. मान लीजिए कि आप 'लोग-कल्याण' नामक एक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। आप अपने पत्र में छपवाने के लिए 'शिक्षक दिवस' *अथवा* 'मणिपुर में बन्द-ब्लॉकेड' विषय पर लगभग *100* शब्दों में अपना सम्पादकीय लेख लिखिए। 8

## खण्ड-ग

## ( व्याकरण – 15 अंक )

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **10** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **11** का उत्तर लगभग **20** शब्दों में लिखिए।

10. उपवाक्य किसे कहते हैं? उपवाक्य के कितने भेद होते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2+2=4

11. 'अस्त्र' तथा 'शस्त्र' इन दो समानार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

12. शुद्ध कीजिए : राधा एक विधवा स्त्री है। 1

13. शुद्ध कीजिए : प्रेमचन्द ने पर्याप्त मात्रा में कहानी और उपन्यास लिखे। 1

14. शुद्ध कीजिए : पूज्यनीय गुरुजनों का आदर करो। 1

15. 'घाट-घाट का पानी पीना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

16. 'चार दिन की चाँदनी फिर अन्धेरी रात' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

17. 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

18. 'जिसकी जूती उसी का सिर' लोकोक्ति को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **19** और **20** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

19. 'कठिनाई से कभी दीख पड़ना' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है? 1

(क) जमीन-आसमान एक करना

(ख) अरमान निकालना

(ग) ईद का चाँद होना

(घ) दुम दबाकर भागना

20. 'उम्र भर अन्याय करके अपने को भला बताने वाले पर ताना' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन-सी है? 1

(क) आँख का अन्धा गाँठ का पूरा।

(ख) नौ सौ चूहे खाए बिल्ली हज को चली।

(ग) आपनी गली में कुत्ता भी शेर।

(घ) दुधारी गाय की लात भली।

## खण्ड–घ

### ( साहित्य – 60 अंक )

### ( पद्य : प्राचीन — 8 अंक; आधुनिक — 12 अंक )

21. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

(क) दीन सबन कों लखत है, दीनहि लखै न कोय।
जो रहीम दीनहि लखै, दीनबंधु सम होय।।

अथवा

(ख) सुभग सौरभ धूप दीपवर मालिका।
उड़त अघ-बिहंग सुनि ताल करतालिका।।

22. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

(क) और सचमुच, इन्हें जब-जब देखता हूँ
यह खुला वीरान संसृति का घना हो सिमट आता है —
और मैं एकान्त होता हूँ।

अथवा

(ख) मूठ बनाते चित्र खींच दे
थके हुए भूखे किसान का
उसपर माँ का प्यार खींच दे।

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **23** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **24** का उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए।

23. कवि श्रीबीरेन अपनी कविता 'इस निस्सीम में मैं' में किसके साथ और कैसे आकाश में विलीन होता है? स्पष्ट कीजिए। 4

24. 'पुरुष पुरातन की वधू' कौन है? 1

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **25** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

25. 'नर-नारी बन्दूक लिये हैं,
बच्चे भी बन्दूक लिये हैं,
पल्टन उमड़ी पड़ती!'

— उपर्युक्त पंक्तियाँ कौन-सी कविता से उद्धृत की गई हैं? 1

(क) 'काश्मीर' से

(ख) 'लुहार से' से

(ग) 'कलगी बाजरे की' से

(घ) 'पुराने सभी देवताओं के मर जाने पर' से

**( गद्य – 25 अंक )**

26. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

(क) स्त्री के सम्बन्ध में उन्होंने बार-बार कहा क्योंकि स्त्री सदा से शोषित रही, तो उन्होंने स्त्री के लिए बहुत कहा, लेकिन उतना नहीं कर सके जितना करना चाहिए था।

**अथवा**

(ख) किसी के मनुष्य रूप में जन्म लेने के बाद उसके मन में अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम उत्पन्न न हो तो व्यक्ति विचित्र जीव ही माना जाएगा।

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **27** से **29** तक के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में लिखिए।

27. "तुम गायब न हो गए होते, तो शायद तुम भी राजकाज में हाथ बँटा रहे होते।"

— उपर्युक्त कथन किसने किस परिस्थिति में कहा? स्पष्ट कीजिए। 1+3=4

28. ''विफलता के इस मरुस्थल में अब एक बूँद आवेगी भी तो सूखकर खो जाएगा।''
— उपर्युक्त कथन किसका है? इस कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 1+3=4

29. स्वतन्त्रता आन्दोलन के दौरान साहित्यकारों की भूमिका के बारे में महादेवी वर्मा क्या कहती हैं? 4

**निर्देश :** प्रश्न–संख्या **30** से **32** तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए।

30. सेनापति चाचा कौन था? 1

31. ''कायर और पराजित ही अंत में धर्म की शरण लेते हैं।''
--उपर्युक्त कथन किसका है? 1

32. जुए में जीती हुई दासी कौन थी? 1

**निर्देश :** प्रश्न–संख्या **33** से **35** तक के उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर–पुस्तिका में लिखिए।

33. 'मानसरोवर के हंस' कहानी का लेखक कौन है? 1

(क) धर्मवीर भारती भारती

(ख) निर्मला ठाकुर

(ग) कमलेश्वर

(घ) भारतमूषण अग्रवाल

34. 'सलामी फौज' में कितने सिपाही थे? 1

(क) पचास सिपाही

(ख) एक सौ सिपाही

(ग) एक सौ पचास सिपाही

(घ) दो सौ सिपाही

35. 'नारी स्वतन्त्रता का अर्थ पुरुष की स्वतन्त्रता से कोई भिन्न तो होगा नहीं।'
— उपर्युक्त कथन कौन-से पाठ से उद्धृत किया गया है? 1

(क) महाभारत की साँझ

(ख) मानसरोबर के हंस

(ग) महादेवी वर्मा से साक्षात्कार

(घ) मैतैलोन

## (पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक)

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या का उत्तर लगभग **80** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **37** और **38** के उत्तर **लगभग 40-40** शब्दो में लिखिए।

36. (क) पठित पाठ 'सोना' के आधार पर महादेवी वर्मा के पशु-पक्षियों से प्रेम पर एक लघु निबन्ध लिखिए। 7

**अथवा**

(ख) पठित पाठ 'मणिपुरी संस्कृति : एक झलक' के आधार पर मणिपुरी संस्कृति पर एक लघु निबन्ध लिखिए।

37. धर्म और राजनीति के बारे में गांधीजी ने क्या कहा? 4

38. संस्कृति को पूर्वजों की अनुपम धरोहर क्यों कहा जाता है? 4

---